भारत सरकार
संस्कृति मंत्रालय
लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या: 2107
उत्तर देने की तारीख : सोमवार, 02 अगस्त, 2021
11 श्रावण, 1943 (शक)

महाराष्ट्र में मार्कंडेश्वर मंदिर का जीर्णोद्धार

2107. श्री प्रतापराव जाधव:
श्री रविन्दर कुशवाहा:
श्री सुब्रत पाठक:
श्री बिधुत बरन महतो:
श्री रवि किशन:
श्री संजय सदाशिवराव मांडलिक:
श्री चंद्र शेखर साहू:
श्री सुधीर गुप्ता:
श्री श्रीरंग आप्पा बारणे:

क्या **संस्कृति मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) ने देश में स्थित विभिन्न मंदिरों के जीर्णोद्धार का कार्य शुरू किया है और यदि हां, तो तत्संबंधी मंदिर-वार ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण ने महाराष्ट्र में मार्कंडेश्वर मंदिर के जीर्णोद्धार का काम शुरू किया है;

(ग) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और उक्त जीर्णोद्धार कार्य कब तक पूरा होने की संभावना है; और

(घ) उक्त कार्य की कुल लागत कितनी है तथा एएसआई द्वारा जीर्णोद्धार कार्यों को समयबद्ध तरीके से पूरा करने के लिए क्या कदम उठाए गए/उठाए जा रहे हैं?

उत्तर

संस्कृति, पर्यटन और पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास मंत्री

(श्री जी. किशन रेड्डी)

(क): देश में मंदिरों सहित केन्द्रीय संरक्षित स्मारकों का संरक्षण, परिरक्षण, जीर्णोद्धार और पर्यावरणीय विकास का कार्य एक सतत् प्रक्रिया है तथा यह कार्य भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण द्वारा विभिन्न स्थलों की आवश्यकता तथा संसाधनों की उपलब्धता के अनुसार नियमित रूप से किया जाता है।

(ख) और (ग): जी, हां। मार्कंडेश्वर मंदिर, गढ़चिरौली, महाराष्ट्र का संरक्षण कार्य निधियां और कुशल कारीगरों की उपलब्धता के अनुसार चरणबद्ध तरीके से किया गया है। इस कार्य के 2022-23 तक पूरा हो जाने की संभावना है।

(घ): जिला गढ़चिरौली के मार्कंडेश्वर स्थित मंदिर समूह के व्यापक संरक्षण में शामिल व्यय 1,26,60,419/- रूपए है।

*****